राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ20(101/04)आयो/निकाशि/2012/594-614 दिनांक : 18/7/2012

प्राचार्य
1– राजकीय महाविद्यालय
बाडमेर/सीकर/किशनगढ/शाहपुरा(भीलवाडा)
मालपुरा/सागवाडा/बांसवाडा/चुरू/खैरवाडा
गंगापुरसिटी/राजसमन्द/लालसोट/केकडी
2– राजकीय कन्या महाविद्यालय
बांसवाडा/बून्दी/चौमू/जालौर/बीकानेर/कोटा

विषय :– विश्वविद्यालय से सम्बद्धता हेतु ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के समसंख्यक पत्र क्रमांक 314 दिनांक 26 जून 2012 एवं पत्र क्रमांक एफ 20(101/02) आयो/निकाशि/2012/243 दिनांक 14 जून, 2012 के द्वारा 10 महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नवीन विषय खोलने एवं 5 महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय खोलने तथा 5 राजकीय महाविद्यालयों को स्नातक महाविद्यालय से क्रमोन्नत कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का स्तर किये जाने की स्वीकृति जारी की गई थी । इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया गया था कि वे विद्यार्थियों को प्रवेश देकर संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता हेतु कार्यवाही करें । आशा है कि आपने अपने संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता हेतु पूर्ण कार्यवाही कर ली होगी ।

अतः आप कृपया दिनांक 20–7–2012 तक आवश्यक रूप से अपने संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता के संबंध में की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा डा. सी. एम. खटीक, संयुक्त निदेशक (योजना) को दूरभाष नं0 0141–2706289 पर व्यक्तिशः वार्ता कर फैक्स करवावें ।

इसे अति– आवश्यक समझे । इसमें विलम्ब होने पर आपके विरूद्ध कार्यवाही के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

भवदीय,

(सुबीर कुमार)
निदेशक

प्रतिलिपि श्री धीरेन्द्र देवर्षि को प्रेषित कर लेख है कि कृपया इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें ।

संयुक्त निदेशक, योजना
कालेज शिक्षा
राजस्थान जयपुर